एथलेटिक्स

चार स्वर्ण के साथ पांच-पांच रजत और कांस्य पदक किए हासिल

द संस्कार वैली ने जीते 14 पदक

स्पोर्ट्स रिपोर्टर | भोपाल

द संस्कार वैली के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चार स्वर्ण सहित कुल 14 पदक जीते। इसमें पांच-पांच रजत और कांस्य शामिल हैं। गत दिवस तात्या टोपे स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में संस्कार वैली के सागर रोहरा ने डबल स्वर्ण जीते। उन्होंने यह पदक 200 और 400 मीटर में जीते। जबकि दो अन्य स्वर्ण पायल दास ने जीते। उन्होंने अंडर-19 बालिका वर्ग की 100 और 200 मीटर दौड़ जीती।

द संस्कार वैली के खिलाड़ी तात्या टोपे स्टेडियम में कोच स्वाति शर्मा के साथ।

इस प्रतियोगिता में भोपाल के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने हिस्सा लिया। इन दोनों के अलावा रजत विजेताओं में हिमांशु शर्मा (110मी. हर्डल), गौरव माहेश्वरी (100मी. हर्डल), अनुष्का ए.मुरुगकर (लांग जम्प), नव्या कृषक (100मी.), निहारिका गंगवानी (अंडर 17 वर्ग, शाटपुट शामिल हैं। वहीं अंडर 19 में अनुनय तिवारी (100मी.), यमन मुंशी (लांग जम्प), अंडर 14 में दानिश फहम (100मी.), आदित्य गुप्ता (400 मी.), अंडर 17 अदिति गुप्ता (100मी.) ने कांस्य जीते। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कोच स्वाति शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त की है। प्रतियोगिता में संस्कार वैली के 23 छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की।